# स्टार एकेडमी में बसन्तोत्सव मनाया गया

**झुंझुनूं,( निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित स्टार एकेडमी संस्थान में बुधवार को माँ सरस्वती का प्राकट्य दिवस ऋतुराज बसंतोत्सव हर्ष और उल्लास पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर मां सरस्वती की आराधना के साथ ही छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं स्कूल प्रांगण में देश की खुशहाली और समृद्धि के साथ ही जनकल्याण की प्रार्थना के साथ हवन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मैनेजमेंट के पदाधिकारियों ने माँ सरस्वती की मंत्रोचार से विधिवत पूजा की तथा नौनिहाल बच्चों का पाटी पूजन के साथ विद्यारंभ संस्कार प्रारंभ हुआ । इस पावन अवसर पर शिक्षक.शिक्षिकाओं से साथ बच्चे भी पीले रंग के परिधानों में स्कूल आए।

इस अवसर पर संस्था एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण ने बच्चों को बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति की विविधता की जानकारी दी और कहा कि हमें अपने तीज-त्यौहारों को परंपरागत तरीके से मनाना चाहिए। इससे आने वाली पीढी अपनी विरासत से जुडी रह सकेगी। उन्होंने छात्र – छात्राओं को संस्कृति के प्रति लगाव रखने की सीख देते हुए उनको प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान देने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन हमें अपनी संस्कृति, समाज और धर्म से जोडे रखते हैं। संस्कार से ही जीवन में अनुशासन आता है और अनुशासन से हम एक बेहतर समाज की स्थापना कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बसंत उत्सव ज्ञान, बुद्धि, विवेक और संगीत की देवी माँ सरस्वती की जयंती के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अंत में सभी को बसंत पंचमी की शुभकानाएं दी। इस अवसर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए संस्था व्याख्याता डॉ.संदीप शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत का न केवल अध्यात्म बल्कि ज्ञान का प्रवाह दुनिया में हिंसा से अहिंसा की ओर, असत्य से सत्य की ओर एवं अंधेरे से उजाले की ओर ले जाने का एक सशक्त माध्यम है।

**खोया-पाया**

I am applicant Jaichand Lal s/o Rameshwar Lal Caste mali resident of Dhanji ki Dhani, Post- Karwasar, Teh.& Dist-Churu . That my 3220 sqft residental plot, plot No 46 is Located by ward no. 59 (new), prem nagar, Teh & Dist- Churu, whose original sale deed Which was registerd in registrar"s office on 03/06/2005 in the name of manoj kumar jangid, has been misplaced somewhere and Still not available with any one, Whose online report has been Lodged by me on date 26/12/2022 whose LR No 1673769/2022 .On wihch I have applied for Loan in the Bank ,for this reason the missing of the sale deed dated 03/06/2005 is very important to get published in the news paper, any one who has objection on this should register his objection within 7 days, after that the objection will not be accepted.-

**JAICHAND**

# सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर पहुंचे

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर प्रांत के पांच दिवसीय प्रवास पर बुधवार रात जयपुर पहुंचे और 29 जनवरी तक रहेंगे। जयपुर प्रांत के प्रांत संघचालक महेन्द्र सिंह मग्गो ने बताया कि डॉक्टर भागवत 26 जनवरी को केशव विद्यापीठ जामडोली में विद्यालय के गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे और प्रातः ध्वाजारोहण करेंगे। इसी दिन दोपहर में संघ प्रमुख कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में कार्यकर्ता सपरिवार उपस्थित रहेंगे। 27 जनवरी को वे जयपुर के संघ कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इसी प्रकार 28 व 29 जनवरी को भी संघ के विभिन्न स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठकों में शामिल होंगे। इस दौरान संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारियों पर भी चर्चा करेंगे। बैठकों में समाज सशक्तिकरण की दिशा में चलने वाली गतिविधियों यथा कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता और पर्यावरण पर भी मंथन होगा।



**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जयपुर प्रांत के पांच दिवसीय प्रवास पर बुधवार रात जयपुर पहुंचे।**

उल्लेखनीय है कि सरसंघचालक का यह नियमित प्रवास है, जो दो वर्ष में एक बार प्रत्येक प्रांत में होता है। पिछले वर्ष चित्तौड़ प्रांत के उदयपुर में सरसंघचालक का प्रवास हुआ था। देशभर में संघ के 45 प्रांत है, इसी प्रकार राजस्थान क्षेत्र में जयपुर, चित्तौड़ और जोधपुर प्रांत है। प्रवास के क्रम में प्रांत को वर्ष में एक बार सरसंघचालक और दूसरी बार सरकार्यवाह का प्रवास मिलता है। इस दौरान समाज सशक्तिकरण की दिशा में चल रहे विभिन्न कार्यों पर चर्चा होगी।

# आज से शुरू होगा कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान

**जयपुर, (का.प्र.)।** भारत जोड़ो यात्रा के फॉलोअप प्रोग्राम के रूप में 26 जनवरी से चलाए जाने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के जरिए कांग्रेस देश के 6 लाख गांव, 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और 10 लाख मतदान बूथों में ब्लॉक अध्यक्षों और अन्य नेताओं की सहायता से केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ चार्जशीट बांटेगी। भ्रष्ट जुमला पार्टी नाम से तैयार की गई चार्जशीट को कांग्रेस जनता के बीच लेकर पहुंचेगी, जिसमें सूट-बूट की लूट के तहत देश के 10 प्रतिशत अमीरों के पास देश की 64 प्रतिशत और 50 प्रतिशत आबादी के पास 6 प्रतिशत संपत्ति होना, किसानों की कर्ज माफी नहीं होकर अरबपतियों को 72 हजार करोड़ की कर्ज माफी, खास मित्रों को 30 प्रतिशत बंदरगाह, एयरपोर्ट, बिजली उत्पादन और कोयले की खदान देना समेत कई बिंदु शामिल हैं। इसके अलावा मोदी की छवि चमकाने पर टैक्स पेयर का 10 हजार करोड़ का प्रचार पर खर्चा, 90 प्रतिशत गुप्त इलेक्टोरल बांड से भाजपा की सरकारी हफ्ता वसूली, पार्टी भाई-भतीजा जनता पार्टी बनी, जिसमें राजनीतिक घरानों के 20 मंत्री, 14 एमपी और 31 एमएलए शामिल हैं। इसके साथ ही रोजगार, भुखमरी समेत कई बिंदु इस चार्जशीट में रखे गए हैं। कांग्रेस इसी चार्जशीट में केंद्र सरकार को चीन के मामले में भी घेरते दिखाई देगी, जिसमें उन्होंने साफ लिखा है कि भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर चीन का कब्जा है। वहीं, हंगर इंडेक्स में पाकिस्तान से भी नीचे है। राजस्थान में भी 26 जनवरी से कांग्रेस की ओर से हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। इस अभियान के जरिए राजस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ता हर ब्लॉक पर हर मतदान बूथ तक पहुंचेंगे। इस अभियान के जरिए कांग्रेस पार्टी की ओर से आम जनता को घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों की चार्जशीट, राहुल गांधी का आम जनता के लिए संदेश, राजस्थान सरकार के जनता के लिए किए गए कामों की सीट के साथ ही हर घर में राहुल गांधी की तस्वीर लगा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का स्टिकर लगेगा।

प्ररूप-10

(नियम 6(7) देखिए)

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर परिषद झुंझुनूं**

क्रमांक :- एफ-6()90ए/2012-13/16906-07 दिनांक 16.01.2023

**लोक सूचना**

श्री मालाराम पुत्र मंशाराम निवासी- ग्राम सीतसर तह. झुंझुनूं ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का कृषि से गैर कृषिक व्यवसायिक (पेट्रोल पम्प) प्रयोजनार्थ सम्परिवर्तमन चाहेने हेतु, ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| झुंझुनूं | सीतसर | 42 | कुल रकबा 6.7 है. में से 1225 वर्गमीटर |

इसलिये इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञाप्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 16.01.2023 को जारी की गयी।

**(दलीप पूनिया), प्राधिकृत अधिकारी नगरपरिषद, झुंझुनूं**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लुहारा पंचायत समिति बीदास (चूरू)

क्रमांक :- ग्राप.लुहारा/2022-23/47-51 दिनांक 24.01.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 05/2022-23**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | सीसी सड़क निर्माण कार्य मेघवाल मोहल्ला ग्राम लुहारा | 971000 | 19420 |
| 2 | ऑन लाईन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 26.01.2023 को सांय 6 बजे से 04.02.2023 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./बैकर्स चैक व अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की दिनांक | 04.02.2023 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 04.02.2023 को दोपहर 3 बजे | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajastha.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO:. ZCR2223A0856, UBN NO:.ZCR2223WSOB001479 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत लुहारा**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लुहारा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लुहारा पंचायत समिति बीदास (चूरू)

क्रमांक :- ग्राप.लुहारा/2022-23/31-36 दिनांक 24.01.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2022-23**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | पानी निकासी हेतु सीसी सड़क निर्माण कार्य सांडवा सड़क से पशु चारागृह तक गोशाला लुहारा | 1390000 | 27800 |
| 2 | ऑन लाईन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 26.01.2023 को सांय 6 बजे से 04.02.2023 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./बैकर्स चैक व अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की दिनांक | 04.02.2023 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 04.02.2023 को दोपहर 3 बजे | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http://eproc.rajastha.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO:. ZCR2223A0853, UBN NO:.ZCR2223WSOB001476 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत लुहारा**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लुहारा**

# कार्यालय नगरपालिका राजगढ़ (चूरू)

क्रमांक :-न.पा.रा./2022-23/4964 दिनांक :- 25.01.2023



अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री



शांति धारीवाल
यूडीसी मंत्री



कृष्णा पूनिया
विधायक



रजिया गहलोत
पालिकाध्यक्ष

- राज्य सरकार द्वारा 02 अक्टूबर 2021 से चल रहे प्रशासन शहरों के संघ अभियान 2021 में अधिक से अधिक लाभ लेवें। अभियान के अन्तर्गत बनवाये जाने वाले कृषि भूमि के पट्टो पर 75 प्रतिशत की छूट एवं 69 ए के पट्टे 501 रूपये में बनवाकर उक्त योजना का लाभ उठावें।
- नगरपालकिा क्षेत्र में इन्दिरा रसोई संचालित है। जिनमें कोई भी व्यक्ति 8 रू में भरपेट भोजन कर सकता है।
- नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 245 के तहत सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करना दण्डनीय अपराध है। अतः सरकारी भूमि पर अतिक्रमण नहीं करें।
- नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 के अनुसार शहर में बिना पालिका स्वीकृति के निर्माण करना अवैधानिक है। अतः पालिका की स्वीकृति लेकर ही निर्माण कार्य करे। रास्ते की भूमि पर बालकनी अनुज्ञेय नहीं है।
- प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण एवं मनुष्य जीवन के लिए हानिकारक है। दिनांक 01 जुलाई 2022 से प्लास्टिक कैरी बैंग का उपयोग भण्डारण एवं बिक्री परपूर्णतया रोक लगाई गई हैं। अतः प्लास्टिक का उपयोग नही करें जूट के थेलों का उपयोग करें।
- सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलावे। शहर को स्वच्छ रखने में नगरपरिषद् का सहयोग करें।
- नगरपालिका क्षेत्र में अवैध हार्डिग्स, फ्लेक्स व पोस्टर नगरपरिषद् की स्वीकृति बगैर नहीं लगावें।
- अपने घर का गीला व सूखा कचरा अलग-अलग कर घर-घर कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले एवं प्रतिमाह युजर चार्जेज अदा करें। कचरा बाहर डालने पर नियमानुसार कैरिंग चार्जेज वसूल किया जावेगा।
- राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना,पालनहार योजना,स्वच्छ भारत मिशन योजना,वृद्धावस्था/ विधवा/दिव्यांग पेंशन योजना व निःशुल्क दवा योजना का लाभ उठावें।
- पचास हजार रूपये का इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना अन्तर्गत ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त करें।

**रजिया गहलोत**
अध्यक्ष
नगरपालिका,
राजगढ़, जिला चूरू

**ललिता पूनिया**
उपाध्यक्ष
नगरपालिका,
राजगढ़, जिला चूरू

**अधिशाषी अधिकारी**
नगरपालिका,
राजगढ़, जिला चूरू

**समस्त पार्षदगण**
नगरपालिका,
राजगढ़, जिला चूरू

